कृषि नवाचार
ISSN: 3048-6092
https://www.krishinavachar.in
खण्ड 03 भाग 05 अगस्त, 2026

# भारत विस्तार: किसानों का नया AI साथी

**नम्रता गुप्ता [1*], हर्षा [2] और सृष्टि मिश्रा [3]**

[1]पीएच.डी. शोधार्थी, कृषि प्रसार एवं संचार विभाग, सरदार कृषिनगर दांतीवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, सरदार कृषिनगर- 385506, गुजरात

[2]पीएच.डी. शोधार्थी, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदिपुरम-250110, मेरठ

[3]पीएच.डी. शोधार्थी, कृषि अर्थशास्त्र विभाग, आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज-224229, अयोध्या

***E-mail: namratagupta0808@gmail.com**

**भारतीय कृषि को डिजिटल और आधुनिक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में 'भारत विस्तार नामक एक नई बहुभाषी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सेवा की शुरुआत की है। इस परियोजना के लिए 150 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसका पहला चरण 17 फरवरी 2026 से शुरू हो गया है और फिलहाल यह सेवा हिंदी और अंग्रेज़ी में उपलब्ध है। कल्पना कीजिए, आपके खेत की फसल में अचानक कोई रोग दिखाई दे। पहले आपको कृषि विशेषज्ञ के पास जाना पड़ता था या अनेक लोगों से मशविरा करना होता था। लेकिन अब बस अपने मोबाइल से फसल की तस्वीर लें या अपनी समस्या बताएं, और चंद क्षणों में आपको जानकारी मिल जाएगी कि रोग क्या है, कौन-सी दवा लगानी है, मौसम कैसा रहेगा और कौन-सी सरकारी योजना आपके लिए सबसे लाभकारी है। यही सुविधा 'भारत विस्तार लेकर आया है।**

भारत-विस्तार का पूरा अर्थ कृषि संसाधनों तक पहुंच के लिए आभासी रूप से एकीकृत प्रणाली है। यह किसानों को कृषि संबंधी जानकारी, सलाह और सरकारी सेवाएं एक प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदान करेगा। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि यह बहुभाषी है। इसका मतलब है कि किसान हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल, गुजराती या अपनी अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रश्न पूछ सकते हैं और उसी भाषा में उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म एग्रीस्टैक और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के डेटा को ऐआई तकनीक के साथ एकीकृत करता है । सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान को सही समय पर सही जानकारी मिले, ताकि वह बेहतर फसल उगा सके, उत्पादन में वृद्धि कर सके और अपनी आय बढ़ा सके। भारत विस्तार के प्रारंभिक चरण में इसे 10 प्रमुख केंद्रीय कृषि कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। इनमें पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि अवसंरचना कोष, पीएम-आशा, ब्याज सहायता योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, और कृषि मशीनीकरण उप-मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएँ शामिल हैं। सरकार की योजना है कि आगामी 3 महीनों में 4 नई भाषाएँ और अगले 6 महीनों में 5 अन्य भाषाएँ इस प्लेटफ़ॉर्म में समाहित की जाएँगी। इससे देश के अधिक से अधिक कृषक अपनी मातृभाषा में इस सेवा का फायदा उठा सकेंगे।

## किसान इस सुविधा का लाभ कैसे उठा सकते हैं

भारत विस्तार इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि कम शिक्षित किसान भी इसे सहजता से अपनाएँ। किसान इस सेवा का फायदा अनेक तरीकों से उठा सकते हैं-

**1)** किसानों के हेल्पलाइन नंबर 155261 पर फोन करके।
**2)** वॉयस के माध्यम से AI चैटबॉट से संवाद करके।
**3)** कृषि और किसान भलाई मंत्रालय के ऑनलाइन पोर्टल के जरिए।
**4)** भारत विस्तार मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करके।

सरकार ने जानकारी दी है कि भारत विस्तार को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा अधिनियम, 2023 और सभी आईटी नियमों के अनुरूप विकसित किया गया है। इसका मतलब है कि किसानों की निजी जानकारी सुरक्षित रहेगी और उसका किसी भी तरीके से दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। इस पर मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय भी लागू हैं। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और CERT-In द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करता है। इसके अलावा, समय-समय पर इसकी सुरक्षा जांच भी होती है, ताकि किसानों का डेटा पूर्ण रूप से सुरक्षित रहे।

## किसान भारत विस्तार का उपयोग कैसे करें

इस ऐप पर अधिकांश सुविधाएँ मुफ्त हैं। कुछ विशेष सेवाओं के लिए भुगतान किया जा सकता है। सरकार ने इस प्लेटफ़ॉर्म को इस तरह से सरल किया है कि कम शिक्षित किसान भी इसका उपयोग कर सकें।

**चरण 1:** Bharat VISTAAR एप्लिकेशन को Google Play Store से प्राप्त करें, या उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

**चरण 2:** पोर्टल पर मोबाइल नंबर और आधार का उपयोग करके पंजीकरण करें।

**चरण 3:** अपनी AgriStack ID दर्ज करें, ताकि आपके खेत की

जानकारी ऐप के साथ जुड़ जाए।

**चरण 4:** अपनी इच्छित भाषा का चयन करें।

**चरण 5:** अब आप माइक के जरिए बोलकर या फसल की तस्वीर भेजकर अपनी समस्या पूछ सकते हैं।

## भारत विस्तार की प्रमुख विशेषताएँ

1. **फसल के रोग और कीटों की पहचान किसान:** बीमार फसल की फोटो अपलोड करेंगे और AI तुरंत बीमारी पहचानकर उचित दवा की सलाह देगा।
2. **गाँव स्तर का मौसम पूर्वानुमान:** यह केवल जिले का नहीं, बल्कि आपके गाँव के अनुसार मौसम की जानकारी देगा, जिससे किसान समय पर खेती के निर्णय ले सकेंगे।
3. **मिट्टी के अनुसार खाद की सलाह:** यदि खेत का Soil Health Card उपलब्ध है, तो ऐप मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी के आधार पर सही खाद और उसकी मात्रा बताएगा।
4. **सरकारी योजनाओं की जानकारी:** किसान की फसल और प्रोफाइल के अनुसार यह बताएगा कि वह किन सरकारी योजनाओं और सब्सिडी का लाभ ले सकता है।

## किसानों को क्या लाभ होगा?

**1) खेती की लागत घटेगी:** उचित मात्रा में खाद और दवा के प्रयोग से अतिरिक्त खर्च में कमी आएगी।

**2) उत्पादन बढ़ेगा:** उचित समय पर अच्छी सलाह मिलने से फसल की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार होगा।

**3) मौसम से होने वाले नुकसानों में कमी:** बारिश, ओलावृष्टि या तेज हवाओं जैसी घटनाओं की पूर्व सूचना मिलने पर किसान अपनी फसल की रक्षा कर पाएंगे।

**4) उन्नत बाजार जानकारी:** किसान विभिन्न बाजारों के दाम देखकर अपनी फसल सही मूल्य पर बेच पाएंगे।

**5) 24 घंटे विशेषज्ञ मार्गदर्शन:** अब कृषि विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए बार-बार कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। आपका मोबाइल ही कृषि सलाहकार बन जाएगा।

**6) जल संरक्षण:** बुद्धिमान सिंचाई की सलाहों से पानी का उचित इस्तेमाल होगा और सिंचाई का खर्च घटेगा।

**7) उचित बाजार पहुँच:** किसान जानेंगे कि किस शहर या मंडी में उनकी फसल की सर्वाधिक माँग है।

## समस्याएँ

**1)** बहुत से ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की समस्याएँ अभी तक बनी हुई हैं।

**2)** सभी किसानों के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट की सुविधा नहीं है।

**3)** कुछ किसानों को मोबाइल ऐप और AI के उपयोग की सीखने में समय लग सकता है।

**4)** कभी-कभी AI स्थानीय बोलियों या ग्रामीण भाषाओं को अच्छे से नहीं समझ पाता।

**5)** मौसम और बाजार के भाव जैसी जानकारियाँ स्थानीय स्थितियों के कारण कभी-कभी परिवर्तनशील हो सकती हैं।

## निष्कर्ष

भारत विस्तार भारतीय कृषि को डिजिटल और स्मार्ट बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह किसानों को उनकी अपनी भाषा में सही जानकारी, वैज्ञानिक सलाह, मौसम पूर्वानुमान, सरकारी योजनाओं और बाजार की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी सुविधाओं को और मजबूत किया जाए, तो यह प्लेटफ़ॉर्म किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत घटाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। "अब खेती केवल अनुभव से नहीं, बल्कि AI की समझ और सही जानकारी के साथ भी होगी। भारत विस्तार किसानों के लिए डिजिटल युग का एक नया और भरोसेमंद साथी बन सकता है।

●●●